सड़क हादसे में युवक की मौत

## परिजनों का फूटा गुस्सा, चौराहे पर चक्काजाम

### एसपी के आश्वासन के बाद खोला जाम, आरोपी की गिरफ्तारी व मुआवजे की कर रहे मांग



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 16 फरवरी ।** शहर के नेशनल हाईवे बायपास पर युवक की दर्दनाक मौत के बाद सोमवार को हालात तनावपूर्ण हो गए। पोस्टमार्टम के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने इंदिरा गांधी चौराहे पर चक्काजाम कर दिया, जिससे करीब साढ़े चार घंटे तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। स्थिति बिगड़ती देख एसपी डॉ. असित यादव स्वयं मौके पर पहुंचे और सूझबूझ व संवेदनशीलता से हालात को नियंत्रित किया। यहां बता दें, कि चक्काजाम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सड़क पर बैठकर आरोपी की गिरफ्तारी और मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता की मांग कर रहे थे। परिजन कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े थे, लेकिन कलेक्टर के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में व्यस्त होने के कारण पुलिस प्रशासन पर स्थिति संभालने की जिम्मेदारी आ गई। मौके पर पहुंचते ही एसपी डॉ. असित यादव ने आक्रोशित परिजनों और प्रदर्शनकारियों से शांतिपूर्वक संवाद किया। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली और निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाया। एसपी ने स्पष्ट कहा कि आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और मामले में कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनके आश्वासन के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने चक्काजाम समाप्त किया।

जानकारी के अनुसार, यह हादसा रविवार को नेशनल हाईवे बायपास पर हाथी गड्ढा क्षेत्र के पास हुआ। विनोद नगर कॉलोनी निवासी आकाश सिंह भदौरिया (30) पल्सर बाइक से बाजार जा रहा था। इसी दौरान पीछे से आए तेज रफ्तार दूध के टैंकर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर गिर पड़ा और टैंकर उसे रौंदते हुए निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि आकाश उसी दिन सिंगी रामपुर से कांवड़ लेकर भिंड लौटा था। कांवड़ चढ़ाने के बाद वह अपनी मौसी के घर प्रसाद देने जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ।

एसपी के निर्देश पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हादसे में शामिल टैंकर को जब्त कर लिया है। फरार चालक की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई है। एसपी डॉ. असित यादव की त्वरित मौजूदगी, संवेदनशील संवाद और सख्त कार्रवाई के आश्वासन से बिगड़े हालात सामान्य हो सके और शहर में यातायात बहाल किया गया।

### एंबुलेंस और स्कूली वाहनों को निकाला गया

जाम के दौरान कई स्कूली वाहन और एंबुलेंस फंस गईं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए एंबुलेंस और स्कूली वाहनों को तुरंत सुरक्षित निकलवाया। पुलिस ने हादसे में शामिल दूध के टैंकर को जब्त कर लिया है, जबकि फरार चालक की तलाश जारी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों की ली समीक्षा बैठक

### सीएम हेल्पलाइन, ई-केवाईसी को लेकर दिए सख्त निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 16 फरवरी ।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिंड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि कई अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों की विभागवार गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट एवं सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन के समस्त प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से लंबे समय से लंबित शिकायतों पर तत्काल ध्यान केंद्रित करते हुए उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर ने समग्र ई-केवाईसी की समीक्षा करते हुए समस्त नगरीय निकायों के सीएमओ एवं जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देश दिए कि ई-केवाईसी कार्य पर विशेष ध्यान दें तथा इसमें ठोस प्रगति सुनिश्चित करें, ताकि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से दिया जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों के दौरान समग्र ई-केवाईसी एवं योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान किया जाए तथा सभी विभाग प्रमुख अधिकतम पात्र व्यक्तियों तक पहुंच सुनिश्चित करें। लंबित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाना अनिवार्य है। कलेक्टर ने टीएल (टाइम लिमिट) पत्रों के निराकरण की भी समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक

## संकल्प से समाधान अभियान बना त्वरित सेवा का प्रतीक



**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव, 16 फरवरी ।** जनपद पंचायत मेहगांव की ग्राम पंचायत मेहदौली में आयोजित खण्ड स्तरीय संकल्प से समाधान अभियान शिविर ने एक बार फिर अपनी सफलता सिद्ध की। रघुवीर पुत्र राम रतन कुशवाहा ने शिविर में आवेदन दिया कि उनकी खाद्यान्न पात्रता पर्ची में परिवार के सदस्यों के नाम नहीं जुड़े। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेहगांव श्री नवनीत शर्मा ने कनिष्ठ आपूर्ति नियंत्रक तोमर को तत्काल जांच के निर्देश दिए। परिणामस्वरूप शिविर के दौरान ही पर्ची में नाम जोड़ दिए गए। यह त्वरित निराकरण अभियान की सफलता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। मुख्यमंत्री की इस पहल से ग्रामीणों की समस्याएं स्थानीय स्तर पर ही हल हो रही हैं। खाद्यान्न योजना में नाम जोड़ना सुनिश्चित करता है कि कोई परिवार वंचित न रहे। संकल्प से समाधान अभियान विकास की नई गति साबित हो रहा है।

## स्टोन डस्ट का अवैध परिवहन करते ट्रॉला जब्त



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 16 फरवरी ।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के निर्देशन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा भिंड पंकज ध्वज मिश्रा एवं उनकी टीम द्वारा रविवार देर रात्रि में प्रभावी कार्रवाई की गई।

खनिज विभाग की टीम ने मालनपुर हाइवे के पास खनिज स्टोन डस्ट का अवैध परिवहन करते हुए एक ट्रॉला (22 चक्का) को पकड़ा। आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत न किए जाने पर उक्त वाहन को तत्काल जप्त कर लिया गया तथा पुलिस थाना मालनपुर की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया। जप्तशुदा वाहन के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन, भण्डारण एवं व्यापार) नियम, 2022 के तहत विधिवत कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है। संबंधित प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा, जहां नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे मामलों में निरंतर निगरानी रखते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जा रही है, ताकि अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## फर्जी ढंग से डीजल सप्लाई कर रहा टैंकर, पंप संचालकों ने पकड़ा

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 16फरवरी।** पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा फर्जी ढंग से डीजल सप्लाई कर रहे टैंकर व उसके चालक को घेराबंदी करते पकड़ लिया गया, जिसे डायल 112 की मदद से थाने पहुंचा दिया गया। घटना बिलौआ इलाके की है। इस फर्जीवाड़े का खुलासा होने से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। बिलौआ थाना क्षेत्रांतर्गत पेट्रोल पंच संचालकों ने देर रात डीजल सप्लाई करने आए टैंकर को पकड़ लिया। जब टैंकर चालक से डीजल सप्लाई संबंधित दस्तावेज मागे गए, तो वह कोई वैध कागजात नहीं दिखा सके। जिससे पंप संचालकों द्वारा डायल-112 को कॉल कर मौके पर बुलवाया गया। डायल 112 के पहुंचने पर पंप संचालक उक्त फर्जी टैंकर व उसके चालक को पकड़कर बिलौआ थाने लेकर पहुंचे और उन्हें पुलिस के सुपुर्द कर दिया। उक्त फर्जी डीजल सप्लाई टैंकर को पकड़ने वाले पंप संचालकों का कहना है, कि विगत कई माह से उन्हें लगातार सूचना मिल रही थी, कि रात के समय क्षेत्र में एक टैंकर द्वारा फर्जी तरीके से डीजल सप्लाई किया जा रहा है। जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा था।

## ट्रक ने कांवड़ियों की ट्रॉली में मारी टक्कर एक घायल

**ग्वालियर।** कांवडियों की सहायता के लिए उनके साथ चल रही ट्रॉली में तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार एक युवक घायल हो गया। घटना गिजौर्रा थाना इलाके की है, जिसमें पुलिस द्वारा आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर हादसे के कारणों की विवेचना की जा रही है। गिजौर्रा थाने में ग्राम भगेह निवासी बलराम कुशवाह ने शिकायत की है, कि हम लोग कांवड़ लेने के लिए गए थे। हमारे साथ डीजे व ट्रैक्टर-ट्रॉली भी थीं। बीती सुबह हम ग्राम भगेह पहुंचकर हनुमान मंदिर में पूजा कर रहे थे। इसी दौरान वहां से तेज रफ्तार में निकल रहे ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीपी 1775 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाहर खड़ी हमारी ट्रॉली में टक्कर मार दी, जिससे उसमें सवार वीरेंद्र भवानी घायल हो गया। पुलिस द्वारा फरियादी की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 125(ए) के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया गया है।

## भूमि से अतिक्रमण नहीं हटने के विरोध में धरना जारी




### लहार में अनुसूचित जाति संघर्ष समिति के आंदोलन को विभिन्न समाजों का समर्थन

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 16 फरवरी ।** अनुसूचित जाति संघर्ष समिति लहार द्वारा लहार तहसील की शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 2711 एवं 2715 का सीमांकन हो जाने के बावजूद अतिक्रमणकारियों के कब्जे से भूमि मुक्त न कराए जाने के विरोध में किया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। यह धरना 5 अगस्त 2024 से दशहरा मैदान भाटनताल पर चल रहा है, जिसे सोमवार को 561वां दिन पूर्ण हो गया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व बाबूलाल टैगोर द्वारा किया जा रहा है। समिति का कहना है कि संबंधित शासकीय भूमि का विधिवत सीमांकन हो चुका है, इसके बावजूद आज तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। 561वें दिन भी धरना स्थल पर बड़ी संख्या में अनुसूचित जाति सहित अन्य समाजों के लोग मौजूद रहे और आंदोलन को समर्थन दिया। आज धरना प्रदर्शन में बच्चूलाल विश्वकर्मा, रामनारायण नेताजी, हरगोविंद सिंह बघेल, सोनू नागर, देवेंद्र सिंह, जसमंत सिंह कुशवाह, रामदास जाटव, बंटू सिंह कुशवाह, पप्पू ड्राइवर, प्रदीप गुप्ता, अखिलेश दोहरे, केदार सिंह परिहार सहित अन्य लोग समर्थन देने पहुंचे। धरना दे रहे लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि शासकीय भूमि से तत्काल अतिक्रमण हटाकर उसे कब्जामुक्त कराया जाए तथा सीमांकन के बाद भी कार्रवाई न होने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर उचित कदम उठाए जाएं। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से जारी रहेगा।

## अंधे कत्ल का किया खुलासा, पति सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

### एसपी के नेतृत्व में मौ पुलिस की सतर्कता से सुलझी हत्या की साजिश



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 16 फरवरी ।** जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। मौ थाना पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए एक अज्ञात महिला की नृशंस हत्या के मामले का खुलासा कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह सफलता पुलिस की सतर्कता, तकनीकी दक्षता और बेहतर समन्वय का परिणाम है।

मौ थाना टीआई रघुवीर मीणा ने बताया कि 3 फरवरी को ग्राम खेरिया चांदन के पास मौ-बेहट रोड पर टोल टैक्स के आगे सड़क किनारे एक अज्ञात महिला का सिर कटा शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पहचान न होने के कारण मामला चुनौतीपूर्ण था। सूचना पर थाना मौ में अपराध क्रमांक 16/2026 धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी डॉ. असित यादव ने स्वयं निगरानी करते हुए विशेष टीम गठित की। एएसपी संजीव पाठक के निर्देशन एवं एसडीओपी महेंद्र सिंह गौतम के मार्गदर्शन में थाना मौ पुलिस ने लगातार तकनीकी और मैदानी स्तर पर सघन जांच की। विवेचना के दौरान मृतिका के हाथों पर मिले गुदनों के आधार पर पुलिस ने फोटो एवं वीडियो सोशल मीडिया के माध्यम से मध्यप्रदेश सहित बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर तक प्रसारित किए। पुलिस की इस पहल से मृतिका की पहचान शीघ्र हो सकी, जिससे पूरे मामले की कड़ी जुड़ती चली गई। अज्ञात महिला की पहचान और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसपी द्वारा 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। थाना मौ पुलिस की तत्परता से मामले का सफल खुलासा संभव हुआ। इस कार्रवाई में निरीक्षक रघुवीर मीणा, उप निरीक्षक प्रवेन्द्र सिंह, प्रदीप सिंह भदौरिया, विवेक प्रभात, नेतराम सिंह, प्रधान आरक्षक महेश कुमार (साइबर सेल), सुनील शर्मा, मदनबिहारी दीक्षित सहित पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

### आरोपियों ने रची थी साजिश

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि मृतिका के पति होतम, देवर राजकुमार, रिश्तेदार छोटू एवं दोस्त नीरज ने मिलकर हत्या की साजिश रची थी। आरोपियों ने महिला को ट्रेन से मौ लाकर चाकू और गला घोंटकर उसकी हत्या की तथा पहचान छिपाने के उद्देश्य से सिर काटकर बैसली नदी में फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू, कपड़े एवं मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। वहीं मृतिका के कटे हुए सिर की तलाश निरंतर जारी है।

## वकील की हत्या के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया कामकाज बंद, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 16 फरवरी ।** शिवपुरी जिले के करैरा में वकील संजय सक्सैना की दिनदहाड़े हुई हत्या के विरोध में लहार के अधिवक्ताओं ने सोमवार को अदालती कामकाज का बहिष्कार किया। इस दौरान लहार अभिभाषक संघ ने न्यायिक कार्य पूर्णतः बंद रखकर अपना विरोध दर्ज कराया। अभिभाषक संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने घटना को कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न बताते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने कहा कि खुलेआम वकील की हत्या होना न केवल भयावह है, बल्कि यह न्याय व्यवस्था से जुड़े लोगों की सुरक्षा पर भी सीधा हमला है। विरोध प्रदर्शन के दौरान अभिभाषक संघ द्वारा प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल के नाम एक पांच-सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अधिवक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी, फास्ट ट्रैक कोर्ट में प्रकरण की सुनवाई, पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि जब तक दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती और अधिवक्ताओं की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। घटना को लेकर अधिवक्ता समुदाय में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

## व्यापारी संघ ने एसपी से की शिष्टाचार भेंट, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने पर कार्यशैली की सराहना




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 16 फरवरी ।** भिंड व्यापारी संघ द्वारा सोमवार एसपी डॉ. असित यादव से शिष्टाचार भेंट की गई। इस दौरान जिले की कानून-व्यवस्था, व्यापारिक सुरक्षा एवं अवैध गतिविधियों पर हो रही प्रभावी कार्रवाई को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। व्यापारी संघ के पदाधिकारियों ने जिले में अवैध गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध पुलिस द्वारा लगातार की जा रही सख्त कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे व्यापारियों में सुरक्षा और विश्वास की भावना मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस की सक्रिय, सजग और तत्पर कार्यशैली के कारण शहर का माहौल शांतिपूर्ण बना हुआ है, जिससे व्यापार को भी सकारात्मक वातावरण मिल रहा है। एसपी की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर व्यापारी संघ ने उन्हें पुष्पमाला, शाल एवं भगवान भोले बाबा का छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया। व्यापारी संघ ने इस अवसर पर पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका सराहनीय है। इस अवसर पर अमित जैन (वालवाड़ी पुस्तक भंडार), आर.बी. जैन, प्रदीप सक्सेना, वीरेन्द्र यादव, आशु सक्सेना, पंकज जैन, मनोज जैन एवं मनोज मारवाड़ी विशेष रूप से उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान व्यापारी संघ ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी व्यापारिक हितों की रक्षा एवं शहर की शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। वहीं एसपी डॉ. असित यादव ने भी व्यापारियों को आश्वस्त किया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा।

## कांग्रेस कार्यालय पर नवनियुक्त जिला संगठन महामंत्री इब्राहिम पठान का स्वागत



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 16 फरवरी।** मुरार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर जिला कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करने हेतु नवनियुक्त जिला संगठन महामंत्री इब्राहिम पठान का कांग्रेसजनों द्वारा हार-फूल मालाओं से आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। सुरेन्द्र यादव ने कहा कि इब्राहिम पठान की नियुक्ति संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और जुझारू नेतृत्व से जिले में कांग्रेस संगठन को नई गति मिलेगी तथा बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने का अभियान और तेज होगा। कांग्रेस पार्टी सदैव जनहित, सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्षरत रही है। आज आवश्यकता है कि हम सब मिलकर संगठन को हर घर, वार्ड-वार्ड तक सक्रिय करें और जनता की आवाज को बुलंद करें। नवनियुक्त संगठन महामंत्री इब्रहिम पठान ने सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से प्रेरित करने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे, उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सभी एकजुट होकर संगठन हित में कार्य करें तथा आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरें। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार जेन, मंगल यादव, सौरभ जेन, राजेश बाबू, हितेन्द्र यादव, जसवंत शेजवार, दाउ मुदगल सहित अनेक कांग्रेस जन सम्मिलित थे।

## नजरबाग एवं सुभाष मार्केट से फुटपाथियों को हटाया



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर 16 फरवरी।** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के लिए शहर के विभिन्न स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। मदाखलत अधिकारी रवि कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार एवं नोडल अधिकारी केशव सिंह चौहान के निर्देशन में दक्षिण विधानसभा अंतर्गत नजरबाग मार्केट एवं सुभाष मार्केट पर यातायात को अवरुद्ध कर रहे फुटपाथियों का सामान जप्त करने की कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में मदाखलत निरीक्षक विशाल जाटव एवं दक्षिण विधानसभा अमला उपस्थित रहा।